आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 27.12.2024 समय : 18.30 पीएम

- पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की अंत्येष्टि कल नई दिल्ली में राजकीय सम्मान के साथ की जाएगी।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित अन्य नेताओं ने श्री सिंह को श्रद्धांजलि दी।
- प्रदेश में आज कई स्थानों पर मावठ–झालावाड़, झुंझुनूं और हनुमानगढ़ में ओले गिरे।
- सूफी संत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के सालाना उर्स की अनौपचारिक शुरूआत कल से।

000

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की अंत्येष्टि कल राजकीय सम्मान के साथ की जाएगी। अंतिम यात्रा सुबह साढे नौ बजे नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय से रवाना होकर श्मशान घाट पहुंचेगी। कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री के पार्थिव शरीर को आज राष्ट्रीय राजधानी स्थित उनके आवास पर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। उन्होंने बताया कि कल सुबह उनकी पार्थिव देह को कांग्रेस कार्यालय ले जाया जाएगा जहां लोग उन्हें श्रद्धांजलि दे सकेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित अन्य नेताओं ने श्री सिंह के आवास पर उनके अंतिम दर्शन किये।

000

केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने आज पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि राष्ट्र ने एक जाने माने राजनीतिज्ञ, अर्थशास्त्री और प्रसिद्ध नेता को खो दिया है। बैठक में उनके निधन पर शोक प्रस्ताव पारित किया गया और दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बैठक में समूचे राष्ट्र की ओर से डॉ. मनमोहन सिंह के शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

..............

शोक प्रस्ताव में कहा गया है कि डॉक्टर सिंह ने राष्ट्रीय जीवन में अमिट छाप छोडी। श्री सिंह वर्ष 1991 से 1996 के बीच देश के वित्त मंत्री भी रहे और उनके आर्थिक सुधारों की नीति की सभी ने सराहना की। प्रस्ताव में उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों और सरकार तथा सार्वजनिक जीवन में उत्कृष्ट कार्यों का भी उल्लेख किया गया।

पड़ोसी देशों सहित दुनियाभर के नेताओं ने श्री सिंह को कुशल और दूरदर्शी राजनेता बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने आर्थिक प्रगति और कूटनीति में उनके असाधारण योगदान को भी याद किया।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने शोक संदेश में श्री सिंह को बेदाग छवि वाला दूरदर्शी नेता बताया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि डॉ. सिंह की विनम्रता और अर्थशास्त्र की गहरी समझ ने पूरे देश को प्रेरित किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि देश ने विद्वान अर्थशास्त्री और कुशल प्रशासक खो दिया है।

..............

दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री के सम्मान में देशभर में सात दिन का राजकीय शोक रहेगा।

000

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज जोधपुर में काजरी शोध क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने वैज्ञानिकों से बातचीत भी की। इस दौरान श्री सिंह ने काजरी फॉर्म में लगी विभिन्न फसलों और कृषि तकनीकों की जानकारी ली। विधायक अतुल भंसाली भी उनके साथ मौजूद रहे।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 117वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर प्रसारित होगा।

000

प्रदेश में आज कई स्थानों पर मावठ हुई और कुछ जगह ओले गिरे। नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम में ये बदलाव देखा जा रहा है। चित्तौडगढ, पाली, भीलवाडा सहित कई जगह घने कोहरे के साथ रिमझिम बारिश का असर रहा। केकडी, चूरू, अजमेर, सीकर, नागौर और राजधानी जयपुर में भी बरसात हुई। हनुमानगढ जिले की भादरा तहसील के झासल गांव में दोपहर में ओले गिरे। झुंझुनूं के पिलानी में तेज बरसात के साथ ओलावृष्टि हुई। जिले में दिनभर रुक–रुक कर बरसात का दौर जारी रहा। झालावाड के भवानीमंडी में भी तेज बारिश हुई और ओले गिरे।

नीम का थाना जिले के श्रीमाधोपुर, खेतड़ी, पाटन और उदयपुरवाटी में बीती रात से शुरू हुआ तेज बारिश का दौर दिन में भी जारी रहा। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

..............

मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अगले 24 घंटों में कई स्थानों पर बारिश होने और कहीं–कहीं ओलावृष्टि के भी आसार हैं।

..............

राजसमंद में शीतलहर के असर को देखते हुए एडवाइजरी जारी की गई है। साथ ही अस्पतालों में शीतघात से प्रभावित मरीजों के इलाज के लिए जरूरी दवाईयां सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं।

000

बारां के बोरिना गांव में आज हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दो बच्चों की मृत्यु हो गई। हादसा पतंगबाजी के दौरान हुआ। इधर, जयपुर के चौमूं में एक निजी स्कूल बस निर्माणाधीन पुलिया से टकरा गई। घटना में एक शिक्षक की मौत हो गई। हादसे में छह बच्चों और ड्राइवर के घायल होने की सूचना है। वहीं अजमेर के नसीराबाद में एक रोडवेज बस और ट्रक की टक्कर में बारह लोग घायल हो गये। गंभीर रूप से घायल पांच लोगों को अजमेर रैफर किया गया है। हादसा घने कोहरे के कारण दृष्यता में कमी से हुआ।

000

जयपुर का जवाहर कला केन्द्र और पंचायती राज भवन इन दिनों विभिन्न राज्यों से आई स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की मेहनत से गुलजार है। यहां चल रहे सरस राजसखी राष्ट्रीय मेले में देश की विविधता को एक ही स्थान पर अनुभव किया जा सकता है। 30 दिसम्बर तक चलने वाले इस मेले पर प्रस्तुत है एक रिपोर्ट –

..............

000

सूफी संत हज़रत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के सालाना उर्स की तैयारियां अजमेर में जोरों पर हैं। 813वें उर्स की अनौपचारिक शुरूआत कल झंडे की रस्म के साथ होगी। चांद दिखाई देने पर उर्स का विधिवत आगाज होगा। हमारी संवाददाता ने बताया कि ज़ायरीन की सुविधा और सुरक्षा के लिए कई इंतजाम किये जा रहे हैं।

..............

000

बरसों पहले पाकिस्तान से भारत आई तीन पाक विस्थापित महिलाओं के लिए आज का दिन खुशियों भरा रहा। भीलवाड़ा जिला कलेक्टर नमित मेहता ने आज इनको कलेक्ट्रेट में भारत की नागरिकता के प्रमाण पत्र सौंपे। ये प्रमाण पत्र पाकर उन्होंने जिला प्रशासन और राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया।

000

चूरू में आज जिला स्तरीय रोजगार मेला आयोजित किया गया। इसमें 20 कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने बेरोजगार आशार्थियों का चयन कर नियुक्ति पत्र दिये। मेले का आयोजन जिला रोजगार विभाग की ओर से किया गया।

000

भीलवाडा में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने वन विभाग के रेंजर को एक लाख नब्बे हजार रुपये की राशि के साथ गिरफ्तार किया है। ये राशि मांडलगढ के क्षेत्रीय वन अधिकारी के सरकारी वाहन से जब्त की गई। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि आरोपी ने ये राशि खनन माफियाओं से ली थी।

000